लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3968

19 दिसम्बर, 2011 को उत्तर के लिए

लघु उद्योग निगम

3968. श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र:
श्री गणेश सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बड़े लौह और इस्पात उत्पादकों से छोटे लघु उद्योगों तथा अन्य सरकारी विभागों को राज्य लघु उद्योग निगम तथा राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के माध्यम से सामग्री आबंटन के लिए कोई योजना बनायी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य लघु उद्योग निगम से कोई सुझाव या प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री — श्री बेनी प्रसाद वर्मा

(क) और (ख): इस्पात मंत्रालय ने स्टेट्स स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन्स (एसएसआईसी) और नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन (एनएसआईसी) के जरिए एसएसआई इकाईयों तथा अन्य सरकारी विभागों (कुल आवंटन के 30 प्रतिशत तक) को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) और टाटा स्टील जैसे मुख्य उत्पादकों से लौह एवं इस्पात सामग्रियों की आपूर्ति के लिए एक स्कीम बनाई है। चालू वर्ष के दौरान सेल, आरआईएनएल और टाटा स्टील से एसएसआई कार्पोरेशन्स को क्रमश: 341590 मीट्रिक टन, (एमटी) 221318 एमटी और 4624 एमटी लौह अयस्क इस्पात सामग्री का आवंटन किया गया। एनएसआईसी को सेल और आरआईएनएल से क्रमश: 63576 एमटी तथा 78081 एमटी लौह एवं इस्पात सामग्री का आबंटन किया गया

(ग) और (घ): मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड ने एसएसआई समन्वय और समीक्षा समिति की दिनांक 25.11.2011 को इस्पात मंत्रालय में आयोजित हुई बैठक हेतु कुछ कार्यसूची बिंदु प्रस्तुत किए। ये सेल द्वारा आपूर्ति सामग्री की कीमतों, सेल तथा आरआईएनएल आदि से सामग्री की उपलब्धता से संबंधित है।

****